Adda247
GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 11/06/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** 9 संख्याओं का औसत 17 है। इनमें से 7 संख्याओं का औसत 16 है। शेष दो संख्याओं का औसत कितना है?

Ans
✘ 1. 22.5
✘ 2. 19.5
✔ 3. 20.5
✘ 4. 21.5

**Q.2** निम्नलिखित में से किस मामले में न्यायालय ने संसद को किसी भी मौलिक अधिकार को छीनने से प्रतिबंधित किया था?

Ans
✘ 1. इंदिरा गांधी बनाम राज नारायण
✘ 2. ए. के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य
✔ 3. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य
✘ 4. गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य

**Q.3** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ 1. GJ–JP
✘ 2. YB–CF
✘ 3. UX–YB
✘ 4. PS–TW

**Q.4** 6 संख्याओं का योग 300 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 48
✘ 2. 51
✘ 3. 49
✔ 4. 50

**Q.5** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार को शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। P की परीक्षा शुक्रवार को होती है। P और S के बीच केवल 2 लोगों की परीक्षा होती है। U की परीक्षा V से ठीक पहले होती है, और Q की परीक्षा T के ठीक बाद होती है। R और V के बीच केवल 2 लोगों की परीक्षा होती है। V से पहले कितने लोगों की परीक्षा है?

Ans
✘ 1. 2
✔ 2. 3
✘ 3. 1
✘ 4. 4

Adda247

# Test Prime

***ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION***

**70,000+**
**Mock Tests**

**Personalised Report Card**

**Unlimited Re-Attempt**

**600+**
**Exam Covered**

**Previous Year Papers**

**500%**
**Refund**

IBPS

NABARD

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

**Q.6** सामंथा बैंसिल (Samantha Bansil) के किस उपन्यास की पृष्ठभूमि पूर्व-औपनिवेशिक फिलीपींस पर आधारित है?

Ans
✗ 1. द पर्ल डाइवर
✗ 2. आइलैंड ऑफ़ द लॉस्ट
✗ 3. द बैम्बू स्वॉर्ड
✓ 4. ब्लैक सॉल्ट क्वीन

**Q.7** प्रिया ने ₹1,240 में 45 kg सेब और आम खरीदे। सेब और आम की कीमत क्रमशः ₹25/kg और ₹30/kg थी। उसने आम पर पृथक रूप से कितनी धनराशि खर्च की?

Ans
✓ 1. ₹690
✗ 2. ₹700
✗ 3. ₹676
✗ 4. ₹650

**Q.8** अशोक के बाद गद्दी पर कौन बैठा?

Ans
✗ 1. चंद्रगुप्त द्वितीय
✗ 2. बिंदुसार
✓ 3. दशरथ
✗ 4. सम्प्रति

**Q.9** निम्नलिखित में से किस कंपनी ने 1663 में पुर्तगालियों को कोच्चि राज्य से बाहर निकालने में कोच्चि के राजा की सहायता की थी?

Ans
✗ 1. फ्रेंच ईस्ट इंडिया कंपनी
✓ 2. डच ईस्ट इंडिया कंपनी
✗ 3. ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी
✗ 4. स्पेनिश ईस्ट इंडिया कंपनी

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में ग्राम स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं का एक घटक नहीं है?

Ans
✓ 1. पंचायत समिति
✗ 2. ग्राम पंचायत
✗ 3. न्याय पंचायत
✗ 4. ग्राम सभा

**Q.11** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

51 87 121 153 183 211 ?

Ans
✗ 1. 249
✗ 2. 253
✓ 3. 237
✗ 4. 241

**Q.12** फरवरी 2025 में, भारत कोकिला सरोजिनी नायडू की स्मृति में कौन-सा दिवस मनाया गया?

Ans
✗ 1. राष्ट्रीय महिला लेखक दिवस
✗ 2. राष्ट्रीय महिला स्वतंत्रता दिवस
✓ 3. राष्ट्रीय महिला दिवस
✗ 4. राष्ट्रीय महिला नेता दिवस

Q.13 निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान को विश्व का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान माना जाता है?

Ans
1. सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान
2. केइबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान
3. भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान
4. मन्नार की खाड़ी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा कीबोर्ड शॉर्टकट, विंडोज 11 ओएस में फाइल/फ़ोल्डर्स को नेविगेट करने और क्रिएट करने के लिए फाइल एक्सप्लोरर (File Explorer) ओपन करता है?

Ans
1. Windows Key + E
2. Ctrl + E
3. Ctrl + Shift + N
4. Alt + Tab

Q.15 ISL 2024-25 का खिताब जीतकर मोहन बागान सुपर जायंट ने क्या महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की?

Ans
1. वह दो बार ISL खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई।
2. उसने घरेलू मैदान पर 100% जीत दर के साथ खिताब जीता।
3. वह एक ही सत्र में ISL लीग शील्ड और ISL कप दोनों जीतने वाली दूसरी टीम बन गई।
4. उसने एक भी मैच हारे बिना खिताब जीत लिया।

Q.16 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'GSTA' को '51' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'XMBJ' को '53' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'YDOM' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 61
2. 55
3. 58
4. 60

Q.17 33.6 cm त्रिज्या वाली एक अर्धगोलाकार टोपी का आयतन ($cm^3$ में, दशमलव के दो स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 25,288.70π
2. 25,293.28π
3. 25,297.58π
4. 25,287.05π

Q.18 ब्रिटिश सामाजिक सुधारों का एक महत्वपूर्ण परिणाम क्या था?

Ans
1. शिक्षा में गिरावट
2. जातिगत सख़्ती में वृद्धि
3. धार्मिक कट्टरवाद का प्रसार
4. सार्वजनिक जीवन में महिलाओं का उदय

Q.19 यदि संख्या 8629475 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े अंक तथा सबसे छोटे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
1. 12
2. 6
3. 14
4. 16

Q.20 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

43 ÷ 13 − 648 × 8 + 52 = ?

Ans
1. 586
2. 581
3. 583
4. 588 ✓

Q.21 $10 \times (5 - 9) + \left(\frac{123}{41}\right)$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. -37 ✓
2. -34
3. -35
4. -31

Q.22 PH 14 एक निश्चित तरीके से SD 30 से संबंधित है। उसी तरह JI 18, ME 34 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से MU 6 किससे संबंधित है?

Ans
1. NH 33
2. IV 20
3. HL 31
4. PQ 22 ✓

Q.23 अभिक्रिया: $2H_2 + O_2 \rightarrow 2H_2O$ में, यदि $H_2$ के 5 मोल और $O_2$ के 2 मोल मिलाए जाएं, तो सीमांत अभिकर्मक निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
1. $CO_2$
2. $H_2O$
3. $H_2$
4. $O_2$ ✓

Q.24 दो संख्याएं एक तीसरी संख्या से क्रमशः 46% और 54% अधिक हैं। उन दोनों संख्याओं का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 69 : 68
2. 73 : 77 ✓
3. 67 : 86
4. 83 : 75

Q.25 एक बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल उसके सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का आधा है। यदि इसकी ऊँचाई 102 cm है, तो इसकी त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 100
2. 103
3. 108
4. 102 ✓

Q.26 जनवरी 2025 में किस देश ने ब्रिक्स (BRICS) की अध्यक्षता ग्रहण की?

Ans
1. रूस
2. ब्राज़ील ✓
3. भारत
4. चीन

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.27 | एक आदमी अपने मासिक वेतन का 12% घर के किराए पर खर्च करता है। यदि हर महीने वह ₹407 वाहन पर और ₹8,657 किराने पर खर्च करता है और शेष ₹924 बचाता है, तो उसका मासिक वेतन कितना है? |
| Ans | ✗ 1. ₹11,377<br>✗ 2. ₹11,449<br>✗ 3. ₹11,413<br>✓ 4. ₹11,350 |

| | |
|---|---|
| Q.28 | यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।<br><br>(बाएं) 205 712 237 862 578 (दाएं)<br><br>(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)<br><br>यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा? |
| Ans | ✓ 1. 4<br>✗ 2. 5<br>✗ 3. 3<br>✗ 4. 7 |

| | |
|---|---|
| Q.29 | नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाओं के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाओं के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे की संख्याएं प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन सा विकल्प दिए गए समुच्चयों के समान संक्रियाओं के समुच्चय का अनुसरण करता है?<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए- 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br>**13 - 15 - 30 - 60 ; 3 - 5 - 10 - 20** |
| Ans | ✗ 1. 10 - 12 - 24 - 42<br>✗ 2. 15 - 17 - 34 - 44<br>✓ 3. 8 - 10 - 20 - 40<br>✗ 4. 5 - 7 - 14 - 24 |

| | |
|---|---|
| Q.30 | पाक जलडमरूमध्य निम्नलिखित में से किसका प्रवेशद्वार है? |
| Ans | ✗ 1. पर्शियन खाड़ी<br>✗ 2. खंभात की खाड़ी<br>✗ 3. अरब सागर<br>✓ 4. बंगाल की खाड़ी |

| | |
|---|---|
| Q.31 | 72 km/hr की चाल से चलने वाली ट्रेन A को विपरीत दिशा में 63 km/hr की चाल से चलने वाली ट्रेन B को पूरी तरह से पार करने में 24 सेकंड लगते हैं। ट्रेन B की लंबाई ट्रेन A की लंबाई की 1.5 गुनी है। ट्रेन B पुल को 62 सेकंड में पूरी तरह से पार करती है। पुल की लंबाई (m में) कितनी है? |
| Ans | ✗ 1. 626<br>✗ 2. 445<br>✗ 3. 433<br>✓ 4. 545 |


| | |
|---|---|
| Q.32 | ₹1,440 की धनराशि 10% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से कितने समय (वर्ष में) में ₹2,700 हो जाएगी? |
| Ans | ✗ 1. 10.75<br>✗ 2. 7.75<br>✗ 3. 9.75<br>✓ 4. 8.75 |

Adda247

**Q.33** यदि किसी आंकड़ा समुच्चय का बहुलक, उसके माध्य से 12.6 अधिक है, तो बहुलक, माध्यिका से _____ अधिक है।
(मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करें।)

**Ans**
1. 15.9 ✗
2. 8.4 ✓
3. 18.2 ✗
4. 17.6 ✗

**Q.34** दिए गए वेन आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तरदीजिए।




विभिन्न खंडों में दी गई संख्याएं अलग-अलग प्रकार के फर्नीचर की संख्या निरूपित करती हैं। ऐसी कितनी कुर्सियां (chairs) हैं जो अलमारियां (cupboards) भी हैं लेकिन मेज (tables) नहीं हैं?

**Ans**
1. 17 ✗
2. 7 ✗
3. 29 ✗
4. 19 ✓

**Q.35** एक दुकानदार किसी वस्तु का मूल्य ₹3,930 अंकित करता है। यदि 40% की छूट देने के बाद भी उसे लागत मूल्य पर 20% का लाभ होता है, तो क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. ₹1,899 ✗
2. ₹1,981 ✗
3. ₹1,989 ✗
4. ₹1,965 ✓

**Q.36** संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है तथा उसके बाद नीचे शर्तें दी गई हैं। दिए गए कूटों और शर्तों का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का प्रत्यक्ष रूप से पालन किया जाना चाहिए, जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| अक्षर | Z | T | E | P | A | U | X |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | 8 | $ | @ | 9 | 2 | % | 6 |

शर्तें:
1. यदि पहला अक्षर स्वर है और अंतिम अक्षर व्यंजन है, तो उनके कूट आपस में बदले जाने हैं।
2. यदि दूसरा अक्षर स्वर है और अंतिम अक्षर व्यंजन है, तो दोनों को 'W' के रूप में कूटबद्ध किया जाना है
3. यदि तीसरा और चौथा अक्षर व्यंजन हैं, तो दोनों को तीसरे अक्षर के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है
4. यदि पहला और दूसरा अक्षर स्वर हैं, तो दोनों को 'Q' के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
AUTEA

**Ans**
1. 2 % $ @ 2 ✗
2. 2 W $ @ 2 ✗
3. Q Q $ @ 2 ✓
4. 2 Q $ @ 2 ✗

Adda247

Q.37 एक व्यक्ति अपनी मासिक आय का 80% खर्च करता है, वह प्रति माह ₹6,738 बचाता है। उसका मासिक खर्च (₹ में) कितना है?

Ans
✔ 1. 26,952
✘ 2. 26,925
✘ 3. 26,921
✘ 4. 26,876

Q.38 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

MR25, NS33, OT41, PU49, ?

Ans
✔ 1. QV57
✘ 2. QU57
✘ 3. QU58
✘ 4. QV58

Q.39 निम्नलिखित में से किस कृषि पद्धति को केरल में पोनम और ओडिशा में पोडु कहा जाता है?

Ans
✔ 1. स्थानांतरी कृषि
✘ 2. वृक्षारोपण कृषि
✘ 3. निर्वाह कृषि
✘ 4. वाणिज्यिक कृषि

Q.40 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के समान हो?

# : ONJ :: VUQ : %

Ans
✘ 1. # = RYM, % = PRN
✔ 2. # = RQM, % = SRN
✘ 3. # = UIM, % = STN
✘ 4. # = RIO, % = ASN

Q.41 ग्लाइकोअपघटन में, कौन-सा एंजाइम, फ्रक्टोज-6-फॉस्फेट की दर-सीमांत फॉस्फोरिलन (rate-limiting phosphorylation) को उत्प्रेरित करता है?

Ans
✘ 1. पाइरूवेट काइनेज
✘ 2. ग्लिसराल्डिहाइड-3-फॉस्फेट डिहाइड्रोजनेज
✔ 3. फॉस्फोफ्रक्टोकाइनेज-1 (PFK-1)
✘ 4. हेक्सोकाइनेज

Q.42 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FAST' को '2468' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SLOW' को '1327' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
✘ 1. 6
✔ 2. 2
✘ 3. 7
✘ 4. 1

Q.43 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर MBKF एक निश्चित तर्क के अनुसार OGMK से संबंधित है। QLOP उसी तर्क के अनुसार SQQU से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए UVSZ दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
✔ 1. WAUE
✘ 2. VBUD
✘ 3. XZVF
✘ 4. WBTD

Adda247

Q.44 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$\frac{88}{9} \times (74 + 30) + 37$$

Ans

✗ 1. $\frac{3872}{9}$

✗ 2. $\frac{2230}{9}$

✓ 3. $\frac{9485}{9}$

✗ 4. $\frac{4205}{9}$

Q.45 MS एक्सेल 365 में Page Break सेट करने से आप क्या नियंत्रित कर सकते हैं?

Ans

✗ 1. प्रिंट करने योग्य मार्जिन का अधिकतम आकार

✓ 2. वर्कशीट प्रिंट किए गए पेजों में कहाँ स्प्लिट होगी

✗ 3. प्रिंट करने से पहले कहाँ फ़ार्मुलों की पुन: गणना की जाएगी

✗ 4. प्रत्येक पेज पर हेडर कहाँ दिखाई देगा

Q.46 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
'A − B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M × N − O ÷ P + Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans

✗ 1. माता के भाई की पत्नी

✗ 2. पिता के भाई की पुत्री

✗ 3. माता के भाई की पुत्री

✓ 4. पिता के भाई की पत्नी

Q.47 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 740 636 787 884 316 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans

✗ 1. 13

✓ 2. 14

✗ 3. 15

✗ 4. 17

Q.48 मार्च 2025 में, भारत ने उच्च-ऊर्जा लेजर-निर्देशित हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जिससे यह उपलब्धि हासिल करने वाला विश्व का चौथा देश बन गया। इससे पहले किन देशों ने ऐसी प्रणालियाँ विकसित की थी?

Ans

✗ 1. चीन, जापान और दक्षिण कोरिया

✗ 2. रूस, इजरायल और जर्मनी

✗ 3. अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस

✓ 4. अमेरिका, रूस और चीन

Adda247

Q.49 रसोईघर में बेकिंग सोडा का उपयोग निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं है?

Ans
1. अग्निशामक यंत्रों में
2. प्रतिअम्ल (antacids) में एक संघटक के रूप में
3. खमीर उठाने वाले कारक रूप में
4. खाद्य रंग के लिए ✔

Q.50 M, N, O, P, Y और Z एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। O और Z के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। N और M के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। P और M के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। P तल क्रमांक 1 पर रहता है। O, M के ऊपर रहता है। Y के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. चार
2. दो
3. एक
4. तीन ✔

Q.51 निम्नलिखित में से कौन-सा, 'सुषिर वाद्य' नहीं है?

Ans
1. सितार ✔
2. पुंगी
3. बांसुरी
4. शहनाई

Q.52 टाउन C, टाउन D के पश्चिम में है। टाउन E, टाउन C के पूर्व में है। टाउन F, टाउन D के उत्तर में है। टाउन G, टाउन E के उत्तर में है। टाउन G, टाउन D के उत्तर-पश्चिम में है। टाउन D के संबंध में टाउन E की स्थिति क्या है?

Ans
1. उत्तर
2. पूर्व
3. दक्षिण
4. पश्चिम ✔

Q.53 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, ऐसे अंतर्निहित डेटा संरचना (underlying data structure) का सर्वोत्तम वर्णन करता है, जो एमएस एक्सेल जैसी इलेक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट का आधार बनता है?

Ans
1. सेल्स को बनाने के लिए एक दूसरे को प्रतिच्छेदित करने वाली पंक्तियों (rows) और स्तंभों (columns) से बना एक द्वि-विमीय ग्रिड ✔
2. अंतर्संबंधित टेबल्स और फ़ील्ड्स के साथ रेलेशनल डेटाबेस मॉडल
3. डेटा को नोड्स और शाखाओं में व्यवस्थित करने वाली एक पदानुक्रमित वृक्ष संरचना (hierarchical tree structure)
4. एक टेक्स्ट डॉक्यूमेंट के समान डेटा प्रविष्टियों का एक रैखिक अनुक्रम

Q.54 एक बैंक, अर्ध-वार्षिक आधार पर गणना करते हुए, 7.8% की वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज प्रदान करता है। एक ग्राहक वर्ष की प्रत्येक 1 जनवरी और 1 जुलाई को ₹9,920 जमा करता है। वर्ष के अंत मे उसे ब्याज के रूप में प्राप्त राशि ______ होगी। (अपना उत्तर 2 दशमलव स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
1. ₹1,175.73 ✔
2. ₹1,183.37
3. ₹1,185.69
4. ₹1,174.16

Q.55 PLFS 2021-22 के अनुसार, 15-59 वर्ष के आयु वर्ग (ग्रामीण और शहरी दोनों) में व्यावसायिक/तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त न करने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत वितरण कितना था?

Ans
1. 75%
2. 60%
3. 80.5% ✔
4. 70%

Adda247

**Q.56** (अप्रैल 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार) अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय का अध्यक्ष कौन है?

Ans
✗ 1. न्यायाधीश सिल्विया फर्नांडीज डी गुरमेंडी (Judge Silvia Fernández de Gurmendi)
✗ 2. न्यायाधीश करीम एए खान (Judge Karim AA Khan)
✓ 3. न्यायाधीश तोमोको अकाने (Judge Tomoko Akane)
✗ 4. न्यायाधीश पियोत्र होफमांस्की (Judge Piotr Hofmański)

**Q.57** अप्रैल 2025 तक की स्थिति के अनुसार, भारत में, भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यालय कितने स्थलों पर स्थित हैं?

Ans
✓ 1. 33 स्थलों पर
✗ 2. 30 स्थलों पर
✗ 3. 28 स्थलों पर
✗ 4. 34 स्थलों पर

**Q.58** एक व्यापारी को एक शर्ट ₹950 में बेचने पर 5% की हानि हुई। उसे इसे ₹1,350 में बेचने पर x% का लाभ होगा। x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 45
✓ 2. 35
✗ 3. 50
✗ 4. 25

**Q.59** अर्जुन ने अपनी वस्तु का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 50% अधिक अंकित किया। यदि वह 26% की छूट देने के बाद वस्तु को ₹86,580 में बेचता है, तो वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना होगा?

Ans
✗ 1. 78,003
✗ 2. 78,002
✗ 3. 77,999
✓ 4. 78,000

**Q.60** X, Y और Z के वेतन 10 : 20 : 20 के अनुपात में हैं। यदि उनके वेतन में क्रमशः 82%, 50% और 19% की वृद्धि की जाती है, तो उनके वेतन का नया अनुपात कितना होगा?

Ans
✗ 1. 88 : 151 : 123
✗ 2. 92 : 154 : 120
✗ 3. 90 : 153 : 126
✓ 4. 91 : 150 : 119

**Q.61** $(\sec\phi - \tan\phi)^2 (1 + \sin\phi)^2 \div \cos^2\phi$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 0
✗ 2. 2
✗ 3. −2
✓ 4. 1

**Q.62** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. AT-FM
✗ 2. MF-RY
✗ 3. GZ-LS
✓ 4. YR-EK

Adda247

Q.63 POR किसी वृत्त का व्यास है। PQ और RQ इसकी दो जीवाएँ हैं। चाप $\overset{\frown}{PQ}$ की लंबाई चाप $\overset{\frown}{RQ}$ की लंबाई की आधी है। $\angle POQ$ की माप ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $120^\circ$
2. $60^\circ$ ✔
3. $90^\circ$
4. $30^\circ$

Q.64 संसदीय प्रणाली शासनात्मक निरंकुशता (executive despotism) को क्यों रोकती है?

Ans
1. क्योंकि प्रधानमंत्री के पास असीमित शक्ति होती है
2. क्योंकि सेना, शासन में हस्तक्षेप कर सकती है
3. क्योंकि न्यायपालिका बिना किसी जांच के कार्यकारी निर्णयों को रद्द कर सकती है
4. क्योंकि अधिशासी प्राधिकार संसद के प्रति जवाबदेह मंत्रियों के समूह के बीच वितरित होता है ✔

Q.65 यदि 'W' का अर्थ '÷' है, 'X' का अर्थ '×' है, 'Y' का अर्थ '+' है और 'Z' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणाम 94 होगा?

Ans
1. 48 Z 8 W 56 X 24 Y 6
2. 48 Y 8 X 56 W 24 Z 6
3. 48 W 8 Z 56 Y 24 X 6 ✔
4. 48 X 8 Y 56 Z 24 W 6

Q.66 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन-अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 194 932 446 225 493 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
1. 17
2. 15
3. 16
4. 18 ✔

Q.67 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

992 990 986 980 972 ?

Ans
1. 961
2. 958
3. 962 ✔
4. 959

Q.68 दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (DDU-GKY) की आवेदन प्रक्रिया में परियोजना डिजाइन मूल्यांकन के लिए अधिकतम संभव अंक कितना है?

Ans
1. 1200
2. 1400 ✔
3. 1000
4. 1300

Q.69 भारत में 12 वर्षों तक रहने वाला कोई विदेशी व्यक्ति, भारतीय नागरिकता कैसे प्राप्त कर सकता है?

Ans
1. वंश द्वारा (By descent)
2. पंजीकरण द्वारा (By registration)
3. नागरिकीकरण द्वारा (By naturalisation) ✔
4. जन्म द्वारा (By birth)

Adda247

Q.70 यदि द्विघात समीकरण $2x^2 - 8x + K = 0$ के मूल वास्तविक और बराबर हैं तो $(K^2 - 5)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 48
2. 65
3. 59 ✓
4. 51

Q.71 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, एमएस वर्ड में एक ही डॉक्यूमेंट में एक नई क्रमांकित लिस्ट इन्सर्ट करने पर पिछली लिस्ट से क्रमांकन जारी रखने से संबंधित व्यवहार का उचित वर्णन करता है?

Ans
1. एमएस वर्ड डिफ़ॉल्ट रूप से पिछली लिस्ट से क्रमांकन अनुक्रम को स्वचालित रूप से जारी रखता है।
2. क्रमांकन जारी रखना केवल तभी संभव है जब दोनों लिस्ट में बिल्कुल समान क्रमांकन स्टाइल और स्तर का उपयोग किया गया हो।
3. एमएस वर्ड नई लिस्ट के लिए स्वचालित रूप से क्रमांकन को पुनः 1 से शुरू करता है, तथा पिछले अनुक्रम को जारी रखने का कोई सीधा तरीका नहीं है।
4. एमएस वर्ड नई लिस्ट बनाते समय 'Continue from previous list' का विकल्प प्रदान करता है, जिसे स्पष्टतया चुना जाना चाहिए। ✓

Q.72 $\frac{(31^{10} \times 2^{15} \times 84^{6})}{(31^{9} \times 2^{14} \times 84^{5})}$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 5217
2. 5208 ✓
3. 5209
4. 5213

Q.73 वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसमें से 9 घटाने पर वह 13, 20, 10 तथा 23 से विभाज्य हो।

Ans
1. 6035
2. 5989 ✓
3. 6010
4. 6015

Q.74 भारत ने अपनी NavIC प्रणाली में परिवर्धन के लिए जनवरी 2025 में कौन-सा नेविगेशन सैटेलाइट लॉन्च किया?

Ans
1. NVS-01
2. IRNSS-1G
3. NVS-02 ✓
4. GSAT-10

Q.75 उस त्रिक का चयन करें जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

NJ-QM-TV
QM-TP-WY

Ans
1. LH-OK-RT ✓
2. MH-PK-RU
3. MH-OK-RU
4. LH-OK-RU

Q.76 यदि 14 : A :: A : 56 है, तो A का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 31
2. 29
3. 28 ✓
4. 26

Adda247

**Q.77** चाली, रामदानी और झुमुरा जैसे स्वतंत्र नृत्य निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली से संबंधित हैं?

**Ans**

- ✗ 1. भरतनाट्यम्
- ✗ 2. मणिपुरी
- ✗ 3. छऊ
- ✓ 4. सत्रीया नृत्य

**Q.78** Q बिंदु P से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 2 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 4 किमी ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करके बिंदु O पर रुक जाता है। बिंदु P पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**

- ✓ 1. 3 km, पश्चिम की ओर
- ✗ 2. 5 km, दक्षिण की ओर
- ✗ 3. 3 km, पूर्व की ओर
- ✗ 4. 7 km, उत्तर की ओर

**Q.79** C, D, E, F, S, T और U में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। S की परीक्षा गुरुवार को और T की परीक्षा शनिवार को है। F की परीक्षा U से ठीक पहले है। C की परीक्षा E के बाद किसी एक दिन है। D की परीक्षा U के ठीक बाद है। सप्ताह के आखिरी दिन किसकी परीक्षा है?

**Ans**

- ✗ 1. D
- ✓ 2. C
- ✗ 3. T
- ✗ 4. E

**Q.80** सात व्यक्ति, I, J, K, L, O, P और Q उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। P के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P और I के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। I और O के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Q, K के ठीक बाईं ओर बैठा है। J, I का निकटतम पड़ोसी नहीं है। L के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**

- ✗ 1. तीन
- ✓ 2. एक
- ✗ 3. चार
- ✗ 4. दो

**Q.81** A किसी कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकता है और B इसे 22 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि वे पहले दिन B से शुरू करते हुए एकांतर दिनों पर कार्य करते हैं, तो कार्य कितने दिनों में पूरा हो जाएगा?

**Ans**

- ✗ 1. $19\frac{2}{9}$
- ✗ 2. $18\frac{2}{9}$
- ✓ 3. $19\frac{9}{11}$
- ✗ 4. $18\frac{9}{11}$

Adda247

**Q.82** कभी-कभी समाचारों में आने वाला पूंजी पर्याप्तता अनुपात (Capital Adequacy Ratio) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. सरकारी बजटन
- ✓ 2. बैंकिंग प्रचालन
- ✗ 3. व्यापार प्रचालन
- ✗ 4. राज्यों का बाहरी उधार

**Q.83** 1918 में खेड़ा सत्याग्रह के दौरान किस नेता ने महात्मा गांधी का सहयोग किया था?

Ans
- ✗ 1. लाला लाजपत राय
- ✗ 2. सुभाष चंद्र बोस
- ✗ 3. राज कुमार शुक्ला
- ✓ 4. सरदार वल्लभभाई पटेल

**Q.84** केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, भारत में ग्राम पंचायतों की कुल संख्या कितनी है?

Ans
- ✓ 1. 2.68 लाख
- ✗ 2. 1.65 लाख
- ✗ 3. 2.00 लाख
- ✗ 4. 3.97 लाख

**Q.85** यदि संख्या 8574162 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायें से दूसरे तथा दायें से दूसरे अंकों का योगफल क्या होगा?

Ans
- ✗ 1. 11
- ✗ 2. 9
- ✓ 3. 10
- ✗ 4. 8

**Q.86** निम्नलिखित में से किसे एमएस स्वामीनाथन पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार 2024 (MS Swaminathan Environment Protection Award 2024) से सम्मानित किया गया था?

Ans
- ✓ 1. अनंत दर्शन शंकर
- ✗ 2. अरुण बंसल
- ✗ 3. विनोद गणात्रा
- ✗ 4. आलोक शुक्ला

**Q.87** कौन-सा हड़प्पा स्थल, जुते हुए खेतों का साक्ष्य दर्शाता है?

Ans
- ✗ 1. मोहन जोदड़ो
- ✗ 2. लोथल
- ✗ 3. धोलावीरा
- ✓ 4. कालीबंगा

**Q.88** मई 2025 में, जेनु कुरुबा परिवारों को भारत के निम्नलिखित में से किस बाघ अभयारण्य में स्थित उनकी पैतृक भूमि पर पुनः कब्जा मिल जाएगा?

Ans
- ✓ 1. नागरहोल टाइगर रिजर्व
- ✗ 2. मानस राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ 3. हेमिस राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ 4. सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान

**Q.89** पश्चिमी घाट के पश्चिमी भाग में गहन वर्षा किस प्रकार की वर्षा परिघटना के कारण होती है?

Ans
- ✗ 1. संवहनीय
- ✗ 2. वाताग्र
- ✗ 3. चक्रवाती
- ✓ 4. पर्वतीय

Adda247

Q.90 निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

41, 55, 45, 48, 40, 47, 41, 47, 54, 44, 49, 48, 53, 54, 50, 53, 41, 46

Ans
1. 45 ✗
2. 55 ✗
3. 48 ✗
4. 41 ✓

Q.91 अधिकांश यूनिक्स-आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम में, यदि फ़ाइल पहले से मौजूद नहीं है, तो खाली फ़ाइल (empty file) क्रिएट करने के लिए किस कमांड का उपयोग किया जाता है?

Ans
1. cp ✗
2. mkdir ✗
3. touch ✓
4. mkfile ✗

Q.92 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

WOM CVS ICY OJE ?

Ans
1. UKQ ✗
2. KUQ ✗
3. UQK ✓
4. KQU ✗

Q.93 A, B, C, D, R, S और T एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के दाईं ओर से गिनती करने पर B और D के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। B, C के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। T, R के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D और C दोनों का निकटतम पड़ोसी S है। A के दाईं ओर से गिनती करने पर A और S के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. तीन ✗
2. दो ✓
3. चार ✗
4. एक ✗

Q.94 12 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त में 150° के केंद्रीय कोण वाले एक त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $55\pi\ cm^2$ ✗
2. $60\pi\ cm^2$ ✓
3. $45\pi\ cm^2$ ✗
4. $72\pi\ cm^2$ ✗

Q.95 नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प $216x^3 + 27y^3 + 324x^2y + 162xy^2$ के समतुल्य है?

Ans
1. $(8x + 3y)^3$ ✗
2. $(6x + 6y)^3$ ✗
3. $(6x + 3y)^3$ ✓
4. $(3x + 6y)^3$ ✗

Q.96 2024 ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में, किस संगठन ने मध्य और दक्षिणी एशियाई क्षेत्र में इसके नेतृत्व को उजागर करते हुए, 133 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में भारत को 39वां स्थान दिया?

Ans
1. विश्व बैंक ✗
2. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ✗
3. विश्व आर्थिक मंच ✗
4. विश्व बौद्धिक संपदा संगठन ✓

Adda247

| | | |
|---|---|---|
| Q.97 | IIT तिरुपति द्वारा विकसित 'त्रिनेत्र' परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य क्या है? | |
| Ans | ✔ 1. साइबर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने वाला मोबाइल गेम विकसित करना<br>✗ 2. विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए साइबर सुरक्षा पाठ्यक्रम तैयार करना<br>✗ 3. स्कूलों में AI-संचालित निगरानी प्रणाली लागू करना<br>✗ 4. राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा टास्क फोर्स की स्थापना करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.98 | एक पाइप टैंक को 18 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 19 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को खाली टैंक पर एक साथ संचालित किया जाए, तो टैंक का एक-तिहाई भाग भरने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा? | |
| Ans | ✗ 1. 456<br>✔ 2. 114<br>✗ 3. 342<br>✗ 4. 228 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.99 | लवणीय और क्षारीय मृदा सबसे अधिक कहाँ पाई जाती है? | |
| Ans | ✗ 1. पश्चिमी हिमालय<br>✗ 2. गंगा और गोदावरी के डेल्टा<br>✔ 3. सूखा-प्रवण क्षेत्र<br>✗ 4. दक्कन का पठार | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.100 | दक्ष 445 km की दूरी 89 km/hr की चाल से तय करता है अगली 495 km की दूरी 55 km/hr की चाल से तय करता है और उसके बाद की 250 km की दूरी 50 km/hr की चाल से तय करता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल (km/hr में) कितनी है? (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) | |
| Ans | ✔ 1. 62.63<br>✗ 2. 61.14<br>✗ 3. 57.21<br>✗ 4. 66.77 | |

Adda247